# MAY RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS

1. **अचरोल में प्रदेश का पहला सुपरस्पेशलिटी प्राइवेट पीएचसी खुला:**प्रदेशके पहले 24 घंटे सुपरस्पेशलिटी सेवा देने वाले अचरोल के पब्लिक हेल्थ सेंटर (पीएचसी) उद्घाटन चिकित्सा मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने किया। इस पीएचसी को निम्स प्रशासन संचालित करेगा।यहां मरीजों को ओपीडी, एक्सरे समेत उपलब्ध जांचें निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। सिर्फ दवाएं सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी।
2. **जयपुर से छिनी IPL मुकाबलों की मेजबानी:** बीसीसीआई ने महाराष्ट्र हाईकोर्ट के फैसले के बाद जयपुर शिफ्ट हुए आईपीएल मैचों को यहां से शिफ्ट कर दियाहै। जयपुर में होने वाला आईपीएल मैच अब विशाखापटनम में होगा
3. **मंत्रीमंडलीय उपसमिति की बैठककर्मचारियो की विभिन्न मांगोपर सहमति:**
   - उपसमिति के अध्यक्ष: चिकित्सा मंत्रीराजेंद्रराठौड़
   - मंत्रालयिक कर्मचारियों का ग्रेड पे3600करने पर सहमति बनी।
   - अनुकंपानियुक्ति के पदों को बढ़ाने और मंत्रालयिक कर्मचारी कैडरके प्रशासनिक अधिकारी के 10000 पदस्वीकृत करने पर भी सहमति बनी।
   - मंत्रालयिककर्मचारियों का वेतनमान सचिवालय सेवा के बराबर करने पर भी बैठक में सहमति बनी।

**4. अजय रस्तोगी :**राजस्थानहाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश

5. डूंगरपुर में कलेक्टर सुरेंद्र कुमार सोलंकी ने जिला प्रशासन की ओर से एक अनाथ बालिका को गोद लेने की घोषणा की है

**6. देश की पहली डिजीटल पंचायत:** सीकर जिले कि धोद की ग्राम पंचायत नानी

ग्राम पंचायत की छोटी से छोटी सूचना को आप देश के किसी भी कोने में बैठे जान सकते हैं। पंचायत के इतिहास से लेकर जनप्रतिनिधियों की जानकारी, विकास कार्य, सरकारी विभागों से लेकर निजी संस्थाओं तक की जानकारी भी आपको एक क्लिक पर मिल जाएगी।

7. आई ट्रैकिंगसिस्टम: अभयारण्योंमें बाघों और अन्य वन्य जीवों पर निगाह रखने के लिए आई ट्रैकिंगसिस्टम लगेगा। इनमें असम का कांजीरंगा, उत्तराखंड का कार्बेट और मध्यप्रदेश का रातापानी अभयारण्य शामिल है।

**8. वीडियोकॉन्फ्रेंस के माध्यम से 34 सरकारी कॉलेजों में होगा कक्षाओं का सीधा प्रसारण:**ये है 34 कॉलेज : एसपीसीकॉलेजअजमेर, बीएसआरकॉलेजअलवर, एसजीजीकॉलेजबांसवाड़ा, बारां गवर्नमेंट कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेजबाड़मेर, एमएसजेकॉलेजभरतपुर, एमएलवीभरतपुर, डूंगरकॉलेज बीकानेर, गवर्नमेंट कॉलेज बूंदी, एमपीकॉलेजचित्तौडगढ, लोहियाकॉलेजचूरू, पीएनकेएसकॉलेजदौसा, गवर्नमेंट कॉलेजधौलपुर, एसबीपीकॉलेजडूंगरपुर, एनएमकॉलेजहनुमानगढ़, गवर्नमेंट कॉलेज जयपुर, एसबीकेकॉलेजजैसलमेर, गवर्नमेंट कॉलेजजालौर, झुंझुनूं, जोधपुर, करौली, कोटा, एसबीआरएमनागौर, बागड़कॉलेज पाली,

एसकेकॉलेज सीकर, एससीआरसीकॉलेज सवाई माधोपुर, गवर्नमेंट कॉलेजप्रतापगढ़, टोंक, सिरोही के अलावा झालावाड़उदयपुर का गर्ल्सकॉलेज भी शामिल है।

इससे छात्र ऑनलाइन पढ़कर या डाउनलोड करके ऑनलाइन शिक्षा का फायदा उठाएंगे और जुड़ेंगे।

**9. प्रदेश का तीसरा रोप-वे पुष्कर में:** यह सावित्री माता मंदिर की पहाड़ी पर बना है । इसके अलावा जन्हा रोप-वेहै

अ. सुंधामाताजालोर - लंबाई 800 मी.

आ. मंशापूर्णकरणीमाताउदयपुर - लंबाई 387 मी.

{जयपुरकेसामोद में 350 मी. लंबा रोप-वे बन रहा है।

10 .**अशोक पानगड़िया**SMS मेडिकलकॉलेज के पूर्व प्राचार्य न्यूरोलॉजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक पानगड़िया को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह परिषद एपेक्सएडवाइजरीबॉडी है, जो मंत्रालय के लिए नीति निर्धारण कार्यक्रम तय करती है।

11. जयपुर में अल्पसंख्यक ऋण मेले:

- अल्पसंख्यकोंकी शिक्षा, रोजगार ऋण से संबंधी योजनाओं की जानकारी देने और अल्पसंख्यक समुदाय को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के लिए
- इनमें केवल योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, बल्कि योजनाओं के लिए आवेदन संबंधी समस्याओं का भी हल किया जाएगा।
- इसके अलावा आयोग प्रदेश भी सभी प्रमुख शिक्षण संस्थाओं के साथ बैठक कर इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाने की रणनीति भी बनाएगा।
- राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन : जसबीर सिंह

12. आर्थिक आधार के आंकड़ों के लिए बनी कमेटी:

- उप मंत्री मंडलीय समिति क़े अध्यक्ष: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी
- आंकड़ों के लिए बनी कमेटी 120 दिन में अपनी पहली अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करगी

13. फार्मेसी संस्थानों का survey ,प्रदेश का एक भी college top 50 में नहीं:

- Survey केन्द्र सरकार की ओर से कराए गए
- देश के फार्मेसी संस्थानों के सर्वे में राजस्थान के एक भी फार्मेसीकॉलेज को रैंकिंग नहीं मिली।
- नेशनल इंस्टीट्यूटरैंकिंगफ्रेमवर्क की ओर से निर्धारित मानदंडों के आधार पर स्कोरिंग के बाद रैंक दी गई है।

GShindi.com

- सर्वे में फैकल्टी, रिसर्च, कैंपसप्लेसमेंट, विधार्थियों की संख्या, लैब लाइब्रेरी की सुविधा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रोफेशनलप्रैक्टिस, आउटकम एवं आउटरीच जैसे मानदंड शामिल किए गए।
- पहलेनंबर पर कर्नाटक का मणिपालकॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकलसाइंस, दूसरे नंबर पर चंडीगढ़ का यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकलसाइंस तथा तीसरे नंबर पर दिल्ली की जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी रही

**14 औषधीय पौधा गुग्गुल संकट में:**

- अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संस्था (आईयूसीएन) ने अपनी रेडडेटालिस्ट में इसको शामिल कर अति दुर्लभ श्रेणी में डाला है।
- इसके विनाश का मुख्य कारण अवैध रूप से इसकी बहुमूल्य गोंद का अति दोहन है।
- अति दोहन एवं धार्मिक कारणों से यह पौधा विलुप्ति की कगार पर पहुंच गया है।
- यहां हैं उपलब्धता: अरावली की पहाडियों में प्रचुरता से
  उदयपुर, राजसमंद, अलवर (सरिस्का टाइगर रिजर्व), जयपुर (रामगढ़झालाना क्षेत्र) भीलवाड़ा, जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, जालोर, सिरोही, अजमेर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं, पाली आदि।

<u>15.</u>**अब शहरों में जल स्वावलंबन:**

- मुख्यमंत्रीजलस्वावलंबन अभियान अब गांवों के साथ शहरों में भी चलाया जाएगा।
- क्या होगा इसके तहत : इसके तहत शहरों की आवासीय कालोनियों और सुविधा क्षेत्रों में रेनवाटरहार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जाएंगे।

1. कृषि अनुसंधान केन्द्र बोरवट (बांसवाड़ा) की ओर से दलहन के 1000 क्विंटल बीज 100 हैक्टेयर जमीन परबांसवाड़ा में तैयार करवाए जाएंगे। यह पूरा कार्य कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट और महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों की देखरेख में होगा। वर्ष 2016-17 दलहन वर्ष घोषित किया गया है।

**16. गंग नहर:**

- महाराजा गंगासिंहक़े प्रयासों से

**<u>नहर का इतिहास</u>**

- बीकानेर राज्य की जनता के लिए पंजाब से नहर के पानी को बीकानेर भू-भाग पर लाने के प्रयास सन 1884 में महाराजा डूंगरसिंह के समय प्रारम्भ हुए। लेकिन पॉलिटिकलएजेन्ट के माध्यम से अबोहरकैनाल का पानी बीकानेर राज्य में लाने का प्रयास सफल नहीं हुआ

- पंजाब सरकार ने अपना पानी सिर्फ ब्रिटिश सरकार के क्षेत्र तक देने की सहमति दी। वर्ष 1899-1900 ई. में भीषणतम अकाल पड़ा।
- महाराजा गंगासिंह ने 1903 ई. में ए.डब्लू.ई. स्टेण्ड ले को सिंचाई विभाग का मुख्य अभियन्ता व सचिव नियुक्त किया।
- सन् 1852 ई. में लेफ्टिनेटएण्डरसन ने सतलज के पानी को बीकानेर राज्य तक लाने के लिए प्रस्ताव तैयार किए। प्रारम्भ में बीकानेर को सतलज से मात्र 242 क्यूसेस पानी ही प्राप्त हुआ।
- 1914 में1370 क्यूसेस निर्धारित किया गया, लेकिन सर जॉनबेनटन ने 1914 में ही बीकानेर व अंग्रेजी क्षेत्र के पानी को बहावलपुर स्टेट को दे दिया।
- 1920 में गंगनहर के निर्माण का सपना यथार्थ में परिवर्तित हुआ।
- 1920 में ही पंजाब सरकार, बहावलपुर राज्य तथा बीकानेर रियासत के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
- गंगकेनाल84 मिल तक कंक्रीट से बनी विश्व की सबसे लम्बी केनाल है। इसके निर्माण में 8 करोड़ रुपए खर्च हुए।

17. रियलएस्टेट बिल को अभी राजस्थान में लागू होने मेंलग सकता है तीन से चार माह का समय :

- **BILL किसलिए :**बिल्डरों और क्रेताओं के बीच होने वाले विवादों पर लगाम लगाने, अपार्टमेंट्स बनाने और बेचने के नियम कायदे तय करने के लिए
- इसको अभी राजस्थान में लागू होने में तीन से चार माह का समय लगेगा।
- इसके लिए सबसे पहले सरकार की तरफ से स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी बनाई जाएगी। यह अथॉरिटी लोकपाल की तरह स्वतंत्र रूप से काम करेगी, इसमें रिटायर्ड जज या उनसे उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल किए जाने अनिवार्य होंगे।
- स्टेट अपीलांट ट्रिब्यूनल :जब अथॉरिटी के पास अपार्टमेंटओनरबिल्डर के प्रकरण पहुंचेंगे और उसका निस्तारण कानूनी लड़ाई में बदल जाने पर ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा। ऐसे फैसले ट्रिब्यूनल द्वारा किए जाएंगे।

18. डूंगरपुर**की फतहगढ़ी पहाड़ीपर** भारत **माता नमन स्थल:**

राजस्थान के एक मात्र पर्वतीय पर्यटक स्थल माउंटआबू कीनिक्की झील के किनारे बने भारत माता नमन स्थल की तर्ज पर शहर की फतहगढ़ी पहाड़ी पर भी नमन स्थल बनेगा। इस पर निक्की झील के किनारे बने नमन स्थल पर लगी प्रतिमा की तरह ही चार सिंहों के साथ भारतमाता की करीब 9 से 12 फीट ऊंचाई की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

**19. युद्धाभ्यास ""चक्रव्यूह-द्वितीय':**भारतीय थल सेना कायुद्धाभ्यास , यह हनुमानगढ़ के पल्लू नामक स्थान पर चल रहा है

**20. ऊर्जा मित्र सम्मान:**

- **किसको:**समयपर बिल जमा करवाने मीटर से छेड़छाड़ नहीं करने वाले उपभोक्ताओं
- पहला ऊर्जा मित्र सम्मान समारोह सभी जिलों में सात जून को प्रताप जयंती पर होगा
- इस दिन प्रत्येक जिले में 11 आदर्श उपभोक्ताओं को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा
- आदर्श उपभोक्ताओं का चयन उपभोक्ताओं की सूची में से रेण्डम आधार पर 11 आदर्श उपभोक्ताओं का चयन होगा।

**21.**जनवरीसेसिंगलइमरजेंसी नंबर 112 एक्टिव हो जाएगा। इसके जरिए पुलिस, फायरब्रिगेड और एंबुलेंस की सुविधा हासिल कर सकेंगे। यह सेवा उन सिम या लैंडलाइन पर भी रहेगी, जिनकी आउटगोइंग सुविधा रोक दी गई है।

**22. एलिसआईलैंडमेडल ऑफ ऑनरअवार्ड :** भारतीयमूल की अमेरिकी चिकित्सक डॉ. रेखा भंडारी को| यह अवार्ड उन्हें बुजुर्गों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में होप कार्यक्रम चलाने पर दिया गया है।

**23. दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयलकॉरिडोर**

- ➢ केंद्र ने 2008 में डीएमआईसी परियोजना लांच की थी।
- ➢ इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, एमपी, गुजरात से होकर महाराष्ट्र तक 1483 किलोमीटर का हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाया जा रहा है।
- ➢ डीएमआईसी का 39 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान से ही होकर गुजर रहा है।
- ➢ यहां डीएमआईसी के पांच चरण होंगे। इसमें कुशखेड़ा- भिवाड़ी-नीमराणा, जयपुर-दौसा, दौसा-राजसमंद-भीलवाड़ा, अजमेर-किशनगढ़ और पाली मारवाड़ शामिल हैं।
- ➢ पहले चरण कुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराणा (केबी-एनआर) को विकसित करने के लिए भिवाड़ीइंडस्ट्रीयलडवलपमेंट अथॉरिटी (बीड़ा) बनाई जाएगी।

**24. मुकुंदराहिल्स :**

➢कहा पे: हाड़ौती इलाके में

➢2013 में मुकुंदराहिल्स को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था

➢पूर्व में यहां बाघ और बघेरों की उपस्थिति पाई जाती रही है, पर अभी बाघ नहीं है

**25. राजस्थान हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस :नवीनसिन्हा**

**26. न्याय आपके द्वार:**

➢अक्षय तृतीया पर सरकार ने न्याय आपके द्वार कार्यक्रमशुरुकिया है

- ➢न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राजस्व लोक अदालत प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिनमें राजस्व सम्बन्धी लम्बित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराकर लोगों को राहत पहुंचाई जायेगी।
- ➢इसमें किसी प्रकार के सरकारी वकील की जरूरत नहीं होगी।
- ➢ इसमें प्रीलिटिगेशन की व्यवस्था के साथ ही कोर्ट फीस वकील नहीं रहेंगे।
- ➢अभियान के दौरान नामान्तरकरण, भूमि विभाजन, भूप्रबन्ध से सम्बन्धित - इन्द्राजदुरस्ती, एक ही कुटुम्ब के व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा व निषेधाज्ञा, राज्य सरकार व निजी व्यक्तियों के मध्य विचाराधीन धारा 183(बीके अन्तर्गत ( संक्षिप्त विचारण सम्बन्धी, पत्थरगढ़ी एवं सीमाज्ञान, रास्तों के विवाद सम्बन्धी प्रकरण, इजराय एवं तरमीम सम्बन्धी, स्थाई निषेधाज्ञा सम्बन्धी एवं गैर खातेदारी से खातेदारी तथा अन्य राजस्व सम्बन्धी प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।

27. **जोधपुर में पहली सोलर ट्रेन तैयार:**जोधपुरवर्कशॉप ने देश की पहली संपूर्ण सोलर ट्रेन तैयार कर ली है। इसमें लाइटपंखे सौर ऊर्जा से चलेंगे।- रेलवे बोर्ड ने पायलटप्रोजेक्ट के तहत जोधपुरवर्कशॉप को करीब 1.95 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट दिया है। इसके तहत 50 सोलरपैनल वाले कोच बनने हैं। जयपुर में भी ऐसी 22 ट्रेनें तैयार होनी हैं।

28. **निजी हाथों में जाएगा कोटा भरतपुर का बिजली सिस्टम:**जयपुरडिस्कॉम के कोटा सर्किल भरतपुर सर्किल का बिजली सिस्टम जल्दी ही प्राइवेट कंपनियों के हाथों में चला जाएगा। जयपुर डिस्कॉम के कोटा सर्किल भरतपुर सर्किल को फ्रैंचाइजी पर लेने के लिए प्राइजबिड खोली गई है।

किसने प्राइजबिड : कोटा सर्किल के लिए कलकत्ता इलेक्ट्रिक सप्लाई कार्पोरेशन टाटा पावर के नाम खुला है।

वहीं भरतपुर सर्किल के लिए कलकत्ता इलेक्ट्रिक सप्लाई कार्पोरेशन की प्राइजबिड खोली है

29. **सपना पूनिया**: राजस्थानकी20 किलोमीटर रेसवॉकएथलीट

<u>30. **पर्यटकों की संख्या में कमी :**</u>

- ➢ राजस्थान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में कमी आई है
- ➢ मई के शुरुआती सप्ताह से ही पर्यटकों की संख्या में एकाएक कमी आ गई है। पर्यटन क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक जून में पर्यटकों की आवक में अधिक बढ़ोतरी की संभावना नहीं दिख रही है
- ➢ ईवीजा पर आने वालों की संख्या बढ़ी-है

31. **विश्वस्वास्थ्य संगठन की जारी प्रदूषित शहरों की सूची में (डव्ल्यूएचओ)प्रदेश के शहरों की रैंकिंग:**

- ✓ जयपुर और अलवर की रैंकिंग2014 की तुलना में बढ़ी है।
- ✓ जयपुर 41 से 33वें, अलवर82 से 61वें पायदान पर गया है।
- ✓ कोटा, जोधपुर, उदयपुर की रैंकिंग सुधरी है पर प्रदूषण का स्तर बढ़ा है।

**32. बायोटेक्नालॉजी काउंसिल और मिशनगठित हुई:**

- ✓ अध्यक्ष :मुख्यमंत्री
- ✓ विज्ञानएवंतकनीकीविभागकेमंत्रीकोको-चेयरमैन, किरनमजूमदारकोडिप्टीचेयरमैन, मुख्यसचिव, सचिवबायोटेक्नालॉजी, सचिवविज्ञानतकनीकी, स्वातिपीरमलऔरविल्लुपटेलकोसदस्यबनायागयाहै
- ✓ प्रमुख सचिव विज्ञान एवं तकनीकी को काउंसिल के सदस्य सचिव होंगे।
- ✓ इसी तरह स्टेट बायोटेक्नालॉजी मिशन का गठन किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री के अलावा 15 लोगों को शामिल किया गया है।

**33. राज्यमें विदेशी पर्यटक:**एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में सबसे अधिक फ्रांस के नागरिक शामिल है। पिछले साल राज्य में कुल 1475311 विदेशी पर्यटक आए। इनमें से सबसे अधिक 192727 पर्यटक फ्रांस के थे। इसके बाद यूके यानी इंग्लैंड से आने वाले पर्यटकों की संख्या 125380 थी। तीसरे नंबर पर यूएसए के नागरिक है,चौथे नंबर पर जर्मनी रहा, जहां के 104655 लोग रेगिस्तान और किले को देखने के लिए आए।

**34. स्टेट रिमोट सेंसिंगएप्लीकेशन , जोधपुर :**राजस्थानमें पशुओं के लिए कहांकहां चारे की - पैदावार हो रही है। किस हिस्से में चारे के पैदावार की संभावना है। इसकी पड़ताल करने के लिए स्टेट रिमोट सेंसिंगअप्लीकेशन सेंटर जोधपुर को नया प्रोजेक्ट मिला है, जिस पर स्टेट एप्लीकेशन सेंटर अहमदाबाद के साथ मिलकर काम करना है

**35.ऑडिट रिपोर्ट पेश नहीं करने वाली पंचायतों शहरी निकायों की रुकेगी परफॉर्मेंसग्रांट:**

- ➢ वित्त विभाग ने चेतावनी दी है कि वित्त वर्ष 2016-17 में बारबार निर्देश जारी - करने के बाद भी ऑडिट नहीं करवानेवाली पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायअगर तय समय पर अपनी ऑडिट रिपोर्ट पेश नहीं करेंगी उनकी परफॉर्मेंसग्रांट रोक दी जाएगी
- ➢ 14वें केंद्रीय वित्त आयोग और पांचवे राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के मुताबिक पंचायतों वितरित कुल अनुदान का 10 प्रतिशत और शहरी निकायों को 20 प्रतिशतपरफॉरमेंसग्रांट के रूप में दी गई है।
- ➢ इसमें 14वें केंद्रीय वित्त आयोग की ओर पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों को करीब 14 हजार करोड़ रुपए और पांचवे राज्य वित्त आयोग की ओर से पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों करीब4 हजार करोड़ रुपए का अनुदान दिया गया है।

- परफॉर्मेंसग्रांट में इन संस्थाओं को अपने खातों को अपडेट कर उनकी ऑडिट करवाने की सिफारिश है
- सरकार के मौजूदा कार्यकाल में पंचायतों का पुनर्गठन भी हुआ है। इसमें 47 नई पंचायत समितियां और 723 नई ग्राम पंचायतें बनी थीं।

36. **प्रदेशमें 112 नई नगर पालिकाएं:**

- 5 हजार से अधिक आबादी की 112 नई अरबन लोकल बॉडीगठित (पालिका) होगी
- प्रदेश में नई नगरपालिकाएं बनने के बाद कुल पालिकाओं और निकायों की संख्या 300 हो जाएगी
- **<u>क्राइटेरिया</u>**
  - शहर 5 हजार से अधिक आबादी के हैं,
  - 75 फीसदी महिला पुरुष गैर कृषि कार्य करने वाले होने चाहिए।-
  - इसके अलावा एक वर्ग किलोमीटर में 400 लोगों की आबादी जरूरी की गई है।
- इस आधार पर राजस्थान में 112 नए शहर पालिका बनने योग्य माने गए हैं।
- केंद्रके नए निर्देश सर्वे के अनुसार सर्वाधिक नई पालिकाएं पश्चिमी बंगाल में 780, केरल में 461, तमिलनाडु में 376, महाराष्ट्र में 279, उत्तरप्रदेश में 267, आंध्रप्रदेश तेलंगाना में 228, झारखंड में 188, गुजरात में 153, कर्नाटक में 126, असम में 126, उड़ीसा में 116 मध्यप्रदेश में 112 बनाई जाएगी।

**37. बायोमास ऊर्जा नीति 2010 में संशोधन को मंजूरी:**

- बायोमास ऊर्जा नीति 2010 में लागू की गई लेकिन अब तक निवेशकों ने इसमें रुचि नहीं दिखाई।
- अब तक सिर्फ एक कंपनी ही इस क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आई है।
- इस नीति को ज्यादा आकर्षक बनाने का फैसला लिया गया है।
- संशोधन के जरिए बायोमासप्रोजेक्ट लगाने वाली कंपनी को उत्पादन शुरू करने के लिए अब तक 24 महीने की जगह 36 महीने का समय दिया जाएगा।
- रॉयल्टी पर मिलने वाली सब्सिडी को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया जाएगा।

38.राजस्थान मानवाधिकारआयोग :आयोग के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश टाटिया

39. **कोचिंगसंस्थानोंपरलगामकसनेकीतैयारी :**कोचिंग संचालकों को अब संस्थान से जुड़ी पूरी जानकारी प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी, जिसमें सरकार के जारी निर्देशों की पालना अनिवार्य रूप से करानी होगी। कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों के आत्महत्या करने एवं डिप्रेशन में आकर गलत कदम उठाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए शिक्षा विभाग -नरेशपाल गंगवार ने इस सम्बन्ध में दिशा के शासन सचिव (स्कूल शिक्षा)निर्देश जारी किए हैं

- रखना होगा कॅरियरकाउंसलर या मनोचिकित्सक

सभी कोचिंग संस्थान अपने संस्थान में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तनाव, डिप्रेशन या अन्य किसी मानसिक परेशानी को दूर करने के लिए कॅरियरकाउंसलर या मनोचिकित्सक अनिवार्य रूप से रखेंगे। संचालक को कॅरियरकाउंसलर का नाम, मोबाइल नम्बर, मिलने का समय तथा स्थान की सूचना नोटिस बोर्ड पर लगाएंगे। इसकी जानकारी जिला प्रशासन को भी देनी होगी। संस्थान में प्रत्येक 50 विद्यार्थियों पर एक काउंसलर या मनोचिकित्सक नियुक्त करना होगा।

- प्रवेश से पहले अभिभावक के साथ काउंसलिंग
- कोचिंग संस्थानों को वर्ष 2016-17 से प्रवेश देने से पहले छात्र के अभिभावक के साथ अनिवार्य रूप से ग्रुप कॅरियरकाउंसलिंग करनी होगी तथा उसकी वीडियोग्राफी भी करवानी होगी। पढ़ाई के दौरान जो विद्यार्थी तनाव या डिप्रेशन में दिखाई दें, उसके लिए कोचिंग संस्थान मनोचिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध कराएंगे और उनके अभिभावकों को सूचना देंगे।

40.**मल्लूका मेला**: नृसिंहचतुर्दशी पर जोधपुर में आयोजन

41. **जंगलों में वन्यजीव गणना:** प्रदेशभर के जंगलों सेंचुरीपार्क आदि में आज पूर्णिमा की - धवल चांदनी मेंवन्यजीव गणना की जाएगी। इस दौरान जंगल में वाटर पोंड के आसपास मचान आदि लगाकर वन्यजीवों की गणना होगी।

42.**टोयोटाइनोवाक्रिस्टा जयपुर में लॉन्च:** टोयोटाकिर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने जयपुर में इनोवा को नए अवतार इनोवाक्रिस्टा के रूप में जयपुर में लॉन्च किया| यह ऑटोमेटिकट्रांसमिशन के साथ दो ग्रेड में और मैनुअलट्रांसमिशन के साथ चार ग्रेड में उपलब्ध होगी।

**43. 3033 गांवों में एक भी अपराध नहीं:**

- प्रदेशके 44,650 गांवों में से क्राइमफ्री3033 गांवों के लिए सरकार विशेष पैकेज देगी।
- इसके जरिये इन गांवों में आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।
- इन गांवों के सरपंच और मुखिया को राजस्थान दिवस पर होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

44. **मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान**

- मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान का प्रदेश में विधिवत् शुभारंभ 27 जनवरी,2016 को **किया गया**
- मुख्यमन्त्री जल स्वावलम्बन अभियान अवधि एवं रूपरेखा

  अभियान की कार्य अवधि 4 वर्ष रहेगी । प्रत्येक वर्ष की कार्य योजना में स्वीकृत कार्य उसी वर्ष 30 जून तक पूर्ण किये जाएंगे, प्रथम वर्ष में लगभग 3 हजार 529 गाँवों में जल संग्रहण एवं संरक्षण के कार्य किये जाएंगे। अगले तीन 3 वर्षो में प्रतिवर्ष 6-6 हजार गाँवों को अभियान में शामिल किया जायेगा ।

- **मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान के सात प्रमुख उद्देश्य**

1.राज्य में प्राप्त विभिन्न वित्तीय संसाधनों केन्द्रीय), राज्य, कॉर्पोरेट जगत, ट्रस्टों, गैर सरकारी संगठन एवं जन सहयोगका कनवरजेन्स कर जल संरक्षण एवं जल भराव ( संरचनाओं की गतिविधियों का प्ुरभावी क्रियान्वयन करना।

2.ग्रामीणों एवं लाभान्वितों को जल के समुचित उपयोग के बारे में जागृत कर जन सहभागिता से कार्य सम्पादित कराना।

3.ग्राम स्तर पर ग्रामसभा में जल की समग्र आवश्यकता यथा पेयजल, सिंचाई, पशुधन व अन्य व्यवसायिक कार्यो हेतु आंकलन कर उपलब्ध समस्त स्रोतों से प्राप्त जल के अनुरूप जल बजट का निर्माण कर उसी के अनुरूप कार्यों का चिन्हीकरण कर प्रस्ताव पारित कर मिशन की ग्राम कार्य योजना तैयार करना।

4.ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से प्राप्त जल प्रवाह वर्षा जल), सतही जल, भू गर्भीय जल एवं मिट्टी की नमीके जल भराव क्षेत्रों की क्षमता को विकसित करना (, जिसमेंं उपलब्ध जल संग्रहण ढांचो का उपयोंग, अनुपयोगी जल ढांचों का पुनरूद्घारकायाकल्प कर क्रियाशील / करना एवं नये जल संग्रहण ढांचों का निर्माण करना।

5.जल ग्रहण क्षेत्रइन्डेक्स कैचमेन्ट को इकाई मानते/कलस्टर/ हुए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कर जल, जंगल, जमीन, जन एवं जानवर का विकास करना।

6. ग्राम को जल आत्म निर्भर बनाकर पेयजल का स्थाई समाधान करना।

7.क्षेत्रों में जल संग्रहण एवं संरक्षण कर सिंचाई क्षेत्रफल को बढ़ाना

3.**राजस्थानके तीरंदाज रजत चौहान और स्वाति दुधवाल** का विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में चयन हुआ है

45.**पीडब्ल्यूडी (PWD)** अकेला ऐसा विभाग है जो हर साल राज्य को नाबार्ड योजना आरआईडीएफ में मिलने वाली 100 प्रतिशत राशि का उपयोग करता है।

46.**आरक्षण अधिनियम 2015 को चुनौती देने के मामले मेंफैसला सुरक्षित:**

- मामला किस सन्दर्भ में : गुर्जरसहित पांच जातियों को एसबीसी (विशेष पिछड़ा वर्ग) में 2015 के अधिनियम के तहत पांच फीसदी आरक्षण देने और चौपड़ा कमेटी की रिपोर्ट को चुनौती देने के सन्दर्भ में

- **प्रार्थी पक्ष :**2015 एसबीसी में पांच फीसदी आरक्षण देने से यह तय पचास प्रतिशत से अधिक हो गया है जो गलत है और यह इंदिरा साहनीएम नागराज मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के खिलाफ है।
- **राज्य सरकार**: सरकारपचास प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण दे सकती है। सरकार ने विकास अध्ययन संस्थान से सर्वे कराया था और आंकड़ों को ओबीसी आयोग के समक्ष रखा था। इसके अाधार पर ही आयोग ने पांच प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की थी।

47. **तालछापर में 181 काले हिरण बढ़े:**

Gshindi.com

- **किस जिले में :** चूरू जिले में
- पिछले साल काले हिरणों की संख्या 2492 थी, जो बढ़कर 2673 हो गई है।
- इस बार हुई वन्यजीवों की गणना में तालछापर में चिंकारा107, नीलगाय 101, जंगली बिल्ली 26, मरू बिल्ली 28, लोमड़ी 78, इंडियन फोक्स42, बर्ड ऑफ स्प्रे316, मोर 151, सांडा8762, जंगली सूअर 35, जैकाल01 भेड़िया 03 पाए गए।
- यहां सर्दियों में माइग्रेट करने **साइबेरिया से कुरजां** अन्य विदेशी पक्षी भी आते है।

48.**2011की जनगणना के आधार पर क्षेत्रों का चयन कर सड़कों का आधुनिकीकरण:**

- यह प्रस्ताव आरआरएसएमपी (राजस्थान रोड सेक्टर आधुनिकीकरण परियोजना) की मध्यावधि (मिडटर्म) समीक्षा बैठक में पीडब्ल्यूडी ने वर्ल्ड बैंक की टीम के सामने रखा।
- आरआरएसएमपी2014 में शुरू हुई थी, जिसके पहले चरण में 2001 की जनगणना के आधार पर पक्की सड़कें बनाई गईं।
- चूंकि 31 दिसंबर 2018 तक जितनी सड़कों को पक्की करने का काम अंजाम देना था, उसमें से आधे समय में ही 99 प्रतिशत गांवों में पक्की सड़कें बना ली गई हैं। ऐसे में परियोजना का दूसरा चरण जल्द शुरू किया जाएगा

49**. संभाग मुख्यालयों पर दिव्यांग छात्रों के लिए बनेंगे छात्रावास:**

- सभीसंभागमुख्यालयों पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे।
- कोटा-जयपुर में एससी, एसटी, ओबीसी, एसबीसी एवं अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार के कोचिंग करने वाले बच्चों के लिए छात्रावास भी बनेंगे।
- सभी दिव्यांगों को यूनिवर्सलआइकार्ड भी बनवाए जाएंगे। इसकी मान्यता पूरे देश में रहेगी कहीं भी रहकर वह योजना का लाभ उठा सकेगा
- **सुगम्य भारत अभियान जागरूकता** के प्रथम चरण में जयपुर समेत 48 शहरों को चुना गया है।

50.**जातियों का इतिहास सहेजने के लिए वंशावली अकादमी काप्रस्ताव:**

- **किसलिए:**प्रदेशमें रहने वाली जातियों और उनकी भाषाओं के ऐतिहासिक साक्ष्यों को संरक्षित करने के लिए
- प्रदेश में कौनसी जाति कब आई और इससे पहले उन्होंने कहां-कहां प्रवास किया, यहां प्रचलित भाषाएं कौन-कौनसी रही...इन सबकाहिस्टोरिकलरिकॉर्ड इकट्ठा करने और उसे एक जगह संरक्षित करने का काम यह अकादमी करेगी।
- प्रदेश में हिंदी, पंजाबी, संस्कृत, बृज भाषा, राजस्थानी, संगीत, ललित कला और साहित्य अकादमी संचालित हैं, लेकिन जातियों और भाषाओं के ऐतिहासिक प्रमाणों को एक जगह इकट्ठा करने के लिए कोई आधिकारिक संस्था नहीं है।

**51.प्रथम 50 स्मार्टसिटी में अजमेर और कोटा नहीं**

- कोटा अजमेर द्वारा हाल ही दूसरे फेज के 13 शहरों के चयन के लिए किए गए फास्ट ट्रैक प्रतिस्पर्धा के नियमों का पालन नहीं करने और रिपोर्ट नहीं देने के कारण पिछड़ गए।

- इन दोनों शहरों के प्लानअप्रूव होकर स्मार्टसिटी विकास की राशि दो साल बाद 2018-19 में ही मिल पाएगी। इस साल प्रथम बीस शहरों के लिए राशि जारी की गई।
- प्रथम पचास स्मार्टसिटी में राजस्थान से पहली 20 की सूची में तीसरे नंबर पर रहे जयपुर और 16 वें स्थान पर रहे उदयपुर ही स्थान पा सकेंगे।

52.**जैसलमेर में ब्रहमोसमिसाइल का सफल परीक्षण:**

- जैसलमेर जिले के पोकरणफील्डफायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना ने शुक्रवार को सुपरसोनिकबेलस्टिकमिसाइल का परीक्षण किया।

53.**मेहरानगढ़ दुर्ग को ट्रिपएडवाइजर सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस :**

ट्रेवल वेबसाइट ट्रिपएडवाइजर की ओर से यह प्रमाण पत्र दिया गया है

**किले का इतिहास :**

- मेहरानगढ़ का भव्य और अद्भुत किला राव जोधा द्वारा 1459 ईस्वी में बनवाया गया था।
- जमीन से करीब 400 फीट की ऊंचाई पर बना ये किला राठौड़ वंश के शौर्य का प्रतीक है।
- राठौड़ वंश के चारण व भाट के अनुसार राठौड़ों का राज पूर्व में तत्कालीन कन्नौज (उत्तरप्रदेश) में हुआ करता था। 12 वीं सदी में मध्ययुगीन राजपूत शासकों की तरह राठौड़ भी अफगानिस्तान के आक्रमणकारियों से हार गए थे। इस दर्दनाक अंत के बाद राठौड़ पाली, मारवाड़ आकर बस गए।
- ऐसा माना जाता है कि राठौड़ वंशजों को यहां ब्राहमणों को स्थानीय जनजातियों से बचाने के लिए यहां रुकना पड़ा।
- जोधपुर का नाम राव जोधा के नाम पर  पड़ा। क्योंकि राठौड़ खुद को सूर्यदेव का वंशज मानते हैं इसलिए किले का नाम रखा गयामेहरानगढ़ -, जिसका अर्थ है सूर्य का गढ़। करीब पांच सौ यार्डलम्बाई में फैले इस दुर्ग की दीवारें 120 फीट ऊंची और 70 फीट मोटी हैं
- इस किले की विशेषता ये है कि जो तत्कालीन राजा जब भी कोई युद्ध जीतते, तो किले में एक नया द्वार बनवाते। इस प्रकार इस किले में सात गेट हैं, जो राजाओं की विजयगाथा गाते हैं। इन द्वारों पर तोप के गोलों के निशान आज भी हैं।
- किले का सबसे बड़ा कमरा मोती महल है, जिसे पर्ल पैलेस के रूप में भी जाना जाता है। यह महल राजा सूर सिंह ने बनवाया था।

54.**विधायक क्षेत्र विकास निधि:**इसमेंप्रत्येक विधायक को सालाना2 करोड़ रु .काफंड

55.**प्रदेश में अब 47 इकाइयां पर्यावरण मंजूरी से मुक्त:**

- पॉल्यूशनकंट्रोल बोर्ड ने पर्यावरण स्वीकृति से मुक्त व्हाइट कैटेगरी में 14 और इकाइयों को शामिल किया है। अब कुल 47 इकाइयों को शुरू करने से पर्यावरण संबंधी स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं होगी।
- लाल श्रेणी की स्वीकृति अवधि तीन साल से बढ़ाकर 5 साल की गई है, जबकि ओरेंज श्रेणी 5 से बढ़ाकर 10 साल की गई है। इसी तरह हरी श्रेणी की इकाइयों को जहां 10 साल में स्वीकृति का नवीनीकरण करवाना होता है, अब उसके लिए यह अवधि 15 साल कर दी गई है।

**56.शुभलक्ष्मी योजना हुई राजश्री:**

- मुख्यमंत्रीशुभलक्ष्मी योजना का नाम बदलकर एक जून २०१६ से राजश्री
- इसमें लाभान्वित राशि भी 7400 रुपए से बढ़कर 50 हजार रुपए होगी।
- योजना के तहत बालिका के जन्म के समय 2500 रु की आर्थिक सहायता मां को दी जाएगी। .
- दूसरी किस्त पहले जन्मदिन पर 2500 रुदिए जाएंगे ., लेकिन इसमें पूर्ण टीकाकरण होने पर दिया जाएगा।
- पहली कक्षा में प्रवेश लेने पर बालिका की माता के खाते में 4 हजार रु आएंगे। .
- जब बेटी छठी कक्षा में प्रवेश लेगी तो उसकी मां के खाते में 5 हजार रु और .10वीं में प्रवेश लेने पर 11 हजार रुयता मिलेगी।सहा .

57.**सेवानिवृत जस्टिस गोपाल लाल गुप्ता:**राज्य स्तरीय पुलिस जवाबदेही समिति के अध्यक्ष

- देश में पहली बार वर्ष 2013 में समिति का गठन किया गया था और यह दूसरी समिति होगी।
- अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल नियुक्ति तिथि से दो साल का होगा।
- एडवोकेट शशी अग्रवाल, पीएन जलथुरिया एवं शफी मोहम्मद कुरैशी को समिति का सदस्य बनाया गया है।
- अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था एनआरके रेड्डी समिति के सदस्य सचिव होंगे।
- **समितिकैसे करेगी काम**पुलिसअफसरों के खिलाफ शिकायतों की समिति स्वयं भी प्रसंज्ञान : :कर सकेगी। जिला स्तर से प्राप्त शिकायतों अथवा कोई पीड़ित व्यक्तिश लेकर जांच उपस्थित होकर या लिखित शिकायत करेगा तो समिति उसकी जांच करेगी। समिति की कार्रवाइयां न्यायिक समझी जाएगी।